भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा तथा भारतीय विदेश सेवा के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षायें

3903. **श्री सुरेन्द्र झा सुमन :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1976 तथा 1977 में आयोजित परीक्षाओं के परिणामस्वरूप भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय विदेश सेवा तथा अन्य सम्बद्ध सेवाओं के लिए कितने व्यक्ति चुने गये,

(ख) उनमें से कितने व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्रों के हैं तथा कितने नगरीय क्षेत्रों के; और

(ग) इनमें से कितने व्यक्ति अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० डी० पाटिल) : (क) भारतीय प्रशासन सेवा आदि परीक्षा, 1976 के अन्तिम परिणामों के आधार पर भारतीय प्रशासन सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय विदेश सेवा और केन्द्रीय सेवाओं, समूह 'क' और समूह 'ख' में नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग ने 681 उम्मीदवारों की सिफारिश की थी। जहां तक 1977 की परीक्षा का सम्बन्ध है, उपर्युक्त सेवाओं में नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों की सिफारिश करते हुए उसके अन्तिम परिणामों को अभी घोषित किया जाना है।

(ख) 1976 परीक्षा के परिणामस्वरूप साक्षात्कार किए गए उम्मीदवारों द्वारा दी गई सूचनाओं के अनुसार नियुक्ति के लिए सिफारिश किए गए 681 उम्मीदवारों में से 177 उम्मीदवार गांवों से, 128 उम्मीदवार कस्बों से और 370 उम्मीदवार शहरों से आए थे, 6 उम्मीदवारों ने अपेक्षित सूचना नहीं दी है।

(ग) 1976 की परीक्षा के परिणामों पर इन सेवाओं में नियुक्ति के लिए सिफारिश किए गए 681 उम्मीदवारों में से 104 उम्मीदवार अनुसूचित जातियों के और 41 उम्मीदवार अनुसूचित जन जातियों के थे।

विभिन्न केन्द्रों में टेलीविजन के कार्यक्रमों को तैयार करने के लिए सुविधाएं

3904. **श्री टी० एस० नेगी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय किन टेलीविजन केन्द्रों के लिए कार्यक्रम दिल्ली में तैयार किए जा रहे हैं, और

(ख) केवल दिल्ली में ऐसे कार्यक्रम तैयार करने और यह सुविधा अन्य केन्द्रों में उपलब्ध न करने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लालकृष्ण आडवाणी) : (क) जयपुर और रायपुर ट्रांसमीटरों तथा अमृतसर केन्द्र के लिए कार्यक्रम फिलहाल दिल्ली में ही तैयार किए जा रहे हैं।

(ख) जयपुर रायपुर और अमृतसर दूरदर्शन केन्द्रों की शुरू में पूर्णरूपेण यूनिटों के रूप में कल्पना नहीं की गई थी, इसलिए इन केन्द्रों के लिए कार्यक्रम तैयार करने हेतु दिल्ली में ही व्यवस्था की गई। अन्य दूरदर्शन केन्द्रों में कार्यक्रम जो अधिकांशतया सम्बन्धित प्रादेशिक भाषा में होते हैं, तैयार करने के सीमित संसाधन हैं।

Prospects of Salt in Rupshu in Ladakh

3905. SHRIMATI PARVATI DEVI: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state

(a) whether Rupshu in Ladakh offers good prospects for salt; and